# नाबालिग पीड़िता से दुष्कर्म के मामले में आरोपी को 10 साल की सजा

- वहीं 13 वर्ष की नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल की सजा



सजा के आरोपियों को कोर्ट से जेल लेकर जाते हुए पुलिस।

**अजमेर,** (कास)। पोक्सो कोर्ट संख्या एक और दो में दो अलग-अलग मामलों में कोर्ट ने एक मामले में 10 साल का कारावास और 60 हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया तथा दूसरे मामले में 20 साल की सजा सुनाई है।

विशिष्ट लोक अभियोजक विक्रम सिंह शेखावत ने बताया कि 31 मार्च 2017 को केकड़ी थाने में 15 वर्षीय पीड़िता के पिता ने शिकायत दर्ज करवाई कि उनकी पुत्री परीक्षा खत्म होने के बाद अपनी दादी के पास गई हुई थी तो वहां ग्राम होने के उपरांत दोषी अमरचंद उर्फ चंदू खटीक उनकी पुत्री को बहला-फुसलाकर अपहरण कर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया गया। पीड़िता के पिता ने थाने में दी शिकायत में बताया कि घटना की जानकारी मुलजिम के पिता हेमराज को भी थी। पीड़िता के पिता की ओर से मामले में दोषी के पिता को भी मुलजिम माना था। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर पिता हेमराज और पुत्र अमरचंद उर्फ चंदू खटीक को गिरफ्तार किया। शेखावत ने बताया कि अभियोजन पक्ष ने पक्ष में 23 गवाह पेश किए। कोर्ट ने आरोपी अमर चंद खटीक को दोषी करार देते हुए 10 वर्ष कठोर कारावास के साथ ही 60 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। मामले में सह अभियुक्त आरोपी के पिता हेमराज खटीक को संदेह का लाभ देकर बरी कर दिया।

एक अन्य केस में पॉक्सो न्यायालय संख्या एक के न्यायाधीश बीएल जाट ने 13 वर्ष की नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म के आरोपी मुन्नालाल को 20 साल कठोर कारावास व 24 हजार रुपये जुर्माना किया है। विशिष्ट लोक अभियोजक रूपेन्द्र सिंह परिहार ने बताया कि पीड़िता की मां ने अरांई थाने में 6 मार्च 2021 को शिकायत दर्ज करवाई की उसकी 13 वर्षीय बेटी बिना बताए कहीं चली गई। मां ने शिकायत में बताया कि उसके पास सोने चांदी के जेवरात भी है और 35 हजार रुपए नकदी भी ले गई। मां की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया। पुलिस ने 19 अप्रैल 2021 करीब 1 महीने 15 दिन बाद पीड़िता को दस्तयाब किया और उसका मेडिकल करवाया गया। जिसके बाद पुलिस ने 20 मई 2021 को आरोपी मुन्नालाल पुत्र पांचू को गिरफ्तार कर लिया। विशिष्ट लोक अभियोजक रूपेन्द्र परिहार ने बताया कि अभियोजन पक्ष ने 13 गवाह और चालान अदालत में पेश किया। परिहार ने बताया कि पीड़िता की मेडिकल रिपोर्ट, डॉक्टर के बयान और डीएनए, एफएसएल की रिपोर्ट पर रेप होने की पुष्टि हुई। न्यायाधीश बीएल जाट ने आरोपी मुन्नालाल को 20 साल की सजा सुनाई।

# महिलाओं को परेशान करने वाले 7 मनचले गिरफ्तार

- आरोपी उपरोक्त बदमाश गलीयों में आने-जाने वाली महिलाओं को परेशान कर रहे थे
- पुलिस ने आमजन से अपराध के प्रति जागरूक होकर शिकायत करने की अपील की है



मदनगंज थाना पुलिस ने महिलाओं को परेशान करने के आरोप में सात जनों को गिरफ्तार किया।

**मदनगंज-किशनगढ़,** (निसं)। मदनगंज थाना पुलिस ने राह चलती महिलाओं व युवतियों को परेशान करने के आरोप में 7 आदतन मनचलों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की गिरफ्त में आये बदमाशों में रजिया कॉलोनी निवासी हुमायूं (20) पुत्र फकरुदीन, राजारेड्डी निवासी राहुल बंजारा (18) पुत्र गुमान, दशरथ डाकोत (30) पुत्र नेमीचंद व शंकर बागरिया (35) पुत्र गोगराम, कृष्णापुरी निवासी तेजपाल रेगर (28) पुत्र रमेश, कच्ची बस्ती हा. बोर्ड निवासी राकेश भील (20) पुत्र जोहरीलाल, देवडूंगरी निवासी सचिन वाल्मीकि (25) पुत्र पप्पू शामिल है।

थाना इंचार्ज नेमीचंद चौधरी ने बताया कि काफी समय से आरोपी उपरोक्त बदमाश गलीयों में आने-जाने वाली महिलाओं को परेशान कर रहे थे। इज्जत के मारे इनके खिलाफ रिपोर्ट नहीं दी जा रही थी। पुलिस ने विशेष टीम गठित कर इनको पुराने हाऊसिंग बोर्ड से गिरफ्तार किया। पुलिस ने आमजन से अपराध के प्रति जागरूक होकर शिकायत करने की अपील की है, ताकि बदमाशों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जा सके।

## सिंधी बाल संस्कार शिविर आज से

**अजमेर,** (कास)। ग्रीष्मकालीन अवकाश में विद्यार्थियों को सिंधी भाषा गीत संगीत व संस्कारों का ज्ञान कराने के लिए 15 दिन से सिंधी बाल संस्कार शिविर का आयोजन 5 जून से 19 जून तक प्रेम प्रकाश आश्रम मार्ग स्थित श्री झूलेलाल मंदिर, वैशाली नगर में श्री झूलेलाल सेवा मंडली वैशाली नगर एवं भारतीय सिंधु सभा वैशाली नगर इकाई के संयुक्त तत्वाधान में आयोजन किया जा रहा है। मंदिर अध्यक्ष प्रकाश जेठरा ने बताया कि इस शिविर में 5 वर्ष 75 वर्ष तक का विद्यार्थी, पुरुष, महिला भाग ले सकता है। इस शिविर में विद्वान एवं प्रशिक्षित सिंधी शिक्षकों मंजू लालवानी, ज्ञानी मोटवानी, हरि चांदवानी, मीरा टिकयानी, पूनम गीतांजलि, पूनम कांजानी, मुस्कान कोटवानी, गौरी छतवानी, दौलतराम थदानी योगाचार्य होतचंद मोरयानी (गायक/संगीतकार) द्वारा विद्यार्थियों को सिंधी, गीत संगीत, नृत्य, भगत, योगा एवं सिंधी ज्ञानवर्धक बातों का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# सुखी जीवन के लिए पर्यावरण संरक्षण जरूरी : जागावत

- संगोष्ठी के मुख्य अतिथि उपवन संरक्षक डीपी जागावात रहे





संगोष्ठी में विद्यार्थियों ने हाथों में तख्तियां लेकर डिस्पोजेबल का उपयोग नहीं करने की अपील की।

**भीलवाड़ा,** (निसं)। इण्डियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एण्ड कल्चरल हेरिटेज द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में आज विद्या कॉलेज में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए उपवन संरक्षक डीपी जागावात ने कहा कि सुखी जीवन के लिए पर्यावरण संरक्षण जरूरी है। उन्होंने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति गंभीर होकर कार्य करने व आमजन को भी जागरूक करने की अपील की।

कन्वीनर बाबूलाल जाजू ने बच्चों को झील-जलाशयों, पेड़-पौधे, पशु-पक्षियों, कुएं-बावड़ियों व पहाड़ों के संरक्षण हेतु सक्रियता से कार्य करने का संकल्प दिलाया। जाजू ने बच्चों को सिंगल यूज गिलास, चम्मच, कटोरियों व अन्य सामग्री से पर्यावरण को होने वाले नुकसान को विस्तृत रूप में बताते हुए कहा कि इनका प्लास्टिक न तो गलता है, ना ही मिट्टी में मिलता है, और जलानें पर जहरीला गैसें उत्सर्जित करता है, यहां तक कि जमीन में कचरे के रूप में जमा होकर वर्षाजल को जमीन में जाने से भी रोकता है। प्रिंसिपल डॉ. आर.एस. सैनी ने बताया कि संगोष्ठी में 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

बच्चों ने हाथों में तख्तियां लेकर डिस्पोजेबल का उपयोग नहीं करने की अपील भी की। इस अवसर पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया जिसमें 83 छात्र छात्राओं ने भाग लिया, जिन्हें इंटेक द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किये जायेंगे। इन्टेक के गुमानसिंह पीपाड़ा, डी डी देराश्री, ओ.पी. हींगड़, रामगोपाल अग्रवाल, सुरेश सुराणा, डॉ. अशोक चौधरी, मोहन मेहरिया ने भी संगोष्ठी में पर्यावरण संरक्षण के प्रति विचार व्यक्त किये। विद्यालय की डायरेक्टर गीता चौधरी ने आभार व्यक्त किया।

## राजस्थान केबल ऑपरेटर एसोसिएशन की कार्यकारिणी घोषित

**अजमेर,** (कास)। राजस्थान केबल ऑपरेटर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष सोहनलाल शर्मा ने सभी जिलों में आपसी सहमति और सतत संपर्क करते हुए संगठन का विस्तार करने के लिए जिलों में से ऐसे कार्यकर्ता जो एसोसिएशन को मजबूती प्रदान कर सके और केबल और इंटरनेट के ऑपरेटर्स को आपदाओं से लडने के लिए तन मन धन से अपना समय संगठन विस्तार में और मजबूती में दे सके, संगठन हित में ऑपरेटरों का चयन करके उनकी घोषणा की गई है। सोहन लाल शर्मा ने बताया केबल और इंटरनेट व्यवसाय गरीब व्यक्तियों के लिए एक आय का साधन है, इसके लिए ऑपरेटर लगातार दिन रात मेहनत करके आम व्यक्ति के लिए सस्ता मनोरंजन और इंटरनेट पहुंचाता है, लेकिन बड़ी कंपनियां जिओ कंपनियां इस धंधे पर घात लगाकर बैठी हुई है। प्रदेश अध्यक्ष सोहन शर्मा ने सभी को शुभकामनाएं दी। नवनियुक्त कार्यकारिणी में सोहन लाल शर्मा (अजमेर) अध्यक्ष, डॉ अरविंद शर्मा संगठन महामंत्री (अजमेर), अजय कपूर (अजमेर) महामंत्री, उत्तम खान महामंत्री (अजमेर) दिनेश चौहान महामंत्री (अजमेर), बलवंत सिंह राठौर (बदनोर भीलवाड़ा) महामंत्री, अभिषेक महामंत्री (चित्तौड़गढ़) सहित कार्यकारिणी में 11 उपाध्यक्ष, 1 संगठन महामंत्री, 1 कोषाध्यक्ष, 5 महामंत्री और 20 मंत्री बनाएं गए है और 44 कार्यकारिणी सदस्य बनाए गए।


## कार्यालय ग्राम पंचायत बिंचावा
## पंचायत समिति डीडवाना (नागौर)

क्रमांक- GPB/2022-23/03 दिनांक 28.05.2022

### ई-निविदा सूचना 01/ 2022-23

ग्राम पंचायत बिंचावा पंचायत समिति डीडवाना के लिए पंचायती राज की अन्य समान योजनाओं के तहत एवं महानरेगा योजनाओं में कराये जाने वाले कार्यो के लिए वित्तीय वर्ष 2022-23 निर्माण सामग्री की आपूर्ति एवं उपकरण आपूर्ति हेतु सक्षम श्रेणी के संवेदकों व विनिर्माताओं से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण बेब पोर्टल www.sppp.rajasthan.gov.in व www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदाएं निर्धारित दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेगी।

NIB No: PHK 2223 A0006
UBN No: PHK2223WSOB00006

सरपंच, ग्राम पंचायत बिंचावा, पंचायत समिति डीडवाना (नागौर)
ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत बिंचावा, पंचायत समिति डीडवाना (नागौर)

## कार्यालय ग्राम पंचायत शेरानी आबाद
## पंचायत समिति डीडवाना (नागौर)

क्रमांक- ग्रा.पं.शे/2022-23/225 सम दिनांक 30.05.2022

### ई-निविदा सूचना 01/ 2022-23

ग्राम पंचायत शेरानी आबाद पंचायत समिति डीडवाना के लिए पंचायती राज की अन्य समान योजनाओं के तहत एवं महानरेगा योजनाओं में कराये जाने वाले कार्यो के लिए वित्तीय वर्ष 2022-23 निर्माण सामग्री की आपूर्ति एवं उपकरण आपूर्ति हेतु सक्षम श्रेणी के संवेदकों व विनिर्माताओं से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण बेब पोर्टल www.sppp.rajasthan.gov.in व www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदाएं निर्धारित दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेगी।

NIB No: PHK 2223A00010
UBN No: PHK2223WSOB0009

सरपंच, ग्राम पंचायत शेरानी आबाद, पंचायत समिति डीडवाना (नागौर)
ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत शेरानी आबाद, पंचायत समिति डीडवाना (नागौर)

## कार्यालय ग्राम पंचायत सिंगरावट कला
## पंचायत समिति डीडवाना (नागौर)

क्रमांक- ग्रा.पं.सि./2022-23/21 सम दिनांक 30.05.2022

### ई-निविदा सूचना 01/ 2022-23

ग्राम पंचायत सिंगरावट कला पंचायत समिति डीडवाना के लिए पंचायती राज की अन्य समान योजनाओं के तहत एवं महानरेगा योजनाओं में कराये जाने वाले कार्यो के लिए वित्तीय वर्ष 2022-23 निर्माण सामग्री की आपूर्ति एवं उपकरण आपूर्ति हेतु सक्षम श्रेणी के संवेदकों व विनिर्माताओं से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण बेब पोर्टल www.sppp.rajasthan.gov.in व www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदाएं निर्धारित दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेगी।

NIB No: PHK2223A0008
UBN No: PHK2223WSOB00008

सरपंच, ग्राम पंचायत सिंगरावट कला, पंचायत समिति डीडवाना (नागौर)
ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत सिंगरावट कला, पंचायत समिति डीडवाना (नागौर)


# एमडीएसयू में मनाया पर्यावरण दिवस

- कार्यक्रम में पोस्टर मेकिंग, फोटोग्राफी एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ

**अजमेर,** (कास)। पर्यावरणीय व प्रकृतिक संसाधनों को अपना इष्ट मानकर उन्हें सम्मान देना शुरू करने से एक दिन विश्व पर्यावरण दिवस मनाने की आवश्यकता ही नहीं रहेगी। आज पूरे विश्व के सामने पर्यावरण संरक्षण की चुनौती का धारणक्षम समाधान केवल भारत ही दे सकता है।

संयुक्त राष्ट्र द्वारा निर्धारित मिलेनियम गोल्स ऑफ सस्टेनेबल डेवेलपमेन्ट में उल्लेखित भौतिक, सामाजिक तथा सांस्कृतिक तीनों पक्षों के मध्य समन्वय स्थापित करने की ओर ध्यान के साथ साथ भारतीय शिक्षा शास्त्र में वर्णित जानकारी, कौशल एवं अभिवृत्ति के तीनों पक्षों की महत्ता पर ध्यान देते हुए इसे व्यवहार में उतारने की आवश्यकता है। उक्त विचार महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय (एमडीएसयू) अजमेर के कुलपति प्रो. अनिल शुक्ला ने विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान विभाग द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस से महत्वपूर्ण जानकारियां भले ही प्राप्त हो किंतु भारतीय संस्कृति में पर्यावरण संरक्षण के लिए दिए गए सूत्रों को कुशलता पूर्वक अपनाने से ही परिवर्तन आ सकता है।

इस अवसर पर कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुख्य क्षेत्रीय अधिकारी दीपक तंवर ने सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्परिणामों के बारे में बताते हुए समाज में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। इससे पूर्व कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन देते हुए पर्यावरण विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. प्रवीण माथुर ने विश्व पर्यावरण को इस वर्ष की थीम की जानकारी देते हुए बताया प्रदूषण नियंत्रण एवं पर्यावरण सुधार में जितनी भूमिका जनसमुदाय की है उतनी ही भूमिका नीति निर्माताओं एवं निर्धारकों की है। उन्होंने तकनीकी सत्र में बताया कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में सतत् विकास पर ध्यान देने की आवश्यकता है और प्रकृति के अत्यधिक दोहन के कारण प्राकृतिक संसाधनों का नाश होता जा रहा है।

कार्यक्रम के तकनीकी सत्रों में पोस्टर मेकिंग, फोटोग्राफी प्रतियोगिता एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इनमें दामिनी शर्मा, कुसुम वंशीवाल, पूजा शर्मा, कंदालिका सारस्वत, धीरज मीणा, दीपेश जांगिड़ विजेता रहे। विजेताओं को पर्यावरण विज्ञान विभाग एवं राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। कार्यक्रम में प्रो.भारती जैन, प्रो.ऋतु माथुर, प्रो अरविंद पारीक, प्रो. अश्विनी तिवारी, डॉ. कृति शर्मा, डॉ. शुभ्रा सिंह, डॉ. फिरोज खान एवं अन्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विवेक शर्मा द्वारा किया गया।

## भाजपा महिला मोर्चा जिला सम्मेलन आयोजित

**गुलाबपुरा,** (निसं)। भारतीय जनता पार्टी के नरेंद्र मोदी सरकार के 8 वर्ष सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण की ओर के अंतर्गत शीर्ष नेतृत्व निर्देशानुसार प्रदेश भर में हो रहे महिला सम्मेलन कार्यक्रम के तहत भीलवाड़ा भाजपा महिला मोर्चा जिला सम्मेलन गुलाबपुरा देवनारायण मंदिर पर संपन्न हुआ।

महिला मोर्चा भीलवाड़ा जिला अध्यक्ष मंजू पालीवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि भाजपा महिला मोर्चा जिला सम्मेलन के मुख्य अतिथि अनीता भदेल, जिलाध्यक्ष लादु लाल तेली, भाजपा प्रदेश कार्य बैठक समिति सदस्य व नेता प्रतिपक्ष धनराज गुर्जर, जिला प्रमुख बरजी देवी भील प्रभारी सुनीता रांधणके वक्तव्य के साथ संपन्न हुआ। जिला अध्यक्ष मंजू पालीवाल ने बताया कि सर्वप्रथम महिला मोर्चा पदाधिकारियों द्वारा सभी अतिथियों के पुष्प वर्षा कर माला व सिरोपा पहनाकर सभी कार्यकर्ताओं के तिलक लगाकर, अतिथियों द्वारा भारत माता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर, महिला मोर्चा जिंदाबाद भाजपा जिंदाबाद के उद्घोष के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की।

मुख्य वक्ता पूर्व मंत्री एवं विधायक अनीता भदेल ने अपने संबोधन में कहा कि भारत वर्ष के नरेंद्र मोदी जी के कार्यकाल में 8 साल बेमिसाल संपूर्ण राष्ट्र मना रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष लादू लाल तेली, भाजपा राजस्थान प्रदेश कार्य बैठक समिति सदस्य व नेता प्रतिपक्ष धनराज गुर्जर, जिला प्रमुख बरजी देवी भील, महिला मोर्चा भीलवाड़ा जिला अध्यक्ष मंजू पालीवाल, भाजपा नेत्री सुनीता राधण, भाजपा मंडल अध्यक्ष साँवरनाथ योगी, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष रंजना व्यास आदि ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में जिला महामंत्री बाबूलाल टाक, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष राजेश सेन, जिला महामंत्री सुमित्रा पोरवाल मीनाक्षी नाथ महिला मोर्चा आईटी प्रभारी सोनिया पारीक, जिला उपाध्यक्ष सुशीला चौधरी, रेखा शर्मा, मंडल प्रभारी व पार्षद इंदु बंसल मंगरोप मंडल प्रभारी रेनू शर्मा, मंगरोप मंडल अध्यक्ष समता शर्मा आसींद मंडल अध्यक्ष शांता सेन अतिथि के रूप में मौजूद थी।


## नाम परिवर्तन


मैंने अपना नाम नानूराम पंवार से बदलकर नानूराम रख लिया है। भविष्य में मुझे नानूराम के नाम से ही जाना और पहचाना जावे।

नानूराम पुत्र रामकरण मेघवाल
निवासी खरेश त. डीडवाना
जिला नागौर

## Name Change

I have changed my name from Ishwar Das S/O Devi Das to Ishwar Das Rajwani S/O Devi Das.

**Address:** Regran Gopalji Mohalla, Inside Ajmeri Gate, Beawar (Ajmer) Rajasthan.



# हज यात्रा पर जाने वाले हाजियों को दिया प्रशिक्षण एवं टीकाकरण किया

- ख़्वाजा साहब की दरगाह में स्थित महफिलखाने में हुआ आयोजन
- हज के दौरान विभिन्न स्थानों पर अदा की जाने वाली रस्मों के बारे में बताया



अजमेर में हज यात्रा पर जाने वाले यात्रियों को पोलियो की खुराक पिलाई।

**अजमेर,** (कास)। दरगाह के महफिलखाने में हज यात्रा पर जाने वाले हाजियों के लिए प्रशिक्षण एवं टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। हज यात्रा पर जाने वाली यात्रियों को पोलियो की खुराक पिलाई गई।

राजस्थान राज्य हज कमेटी के सदस्य मुबारक अली चीता ने बताया कि हज यात्रा-2022 पर जाने वाले हाजियों के लिए राज्य सरकार द्वारा प्रशिक्षण एवं टीकाकरण शिविर लगाया गया। इसमें हज के दौरान विभिन्न स्थानों पर अदा की जाने वाली रस्मों अरकान के बारे में बताया। चिकित्सा विभाग के डॉ. अजय महावर के साथ नर्सिंग स्टाफ के दल ने टीके लगाये। खादिम उल हुज्जाज हाजी महमूद खान ने बताया कि हर साल हज पर जाने वाले हाजियों को हज के अरकान के बारे में समझा जाता है पिछले 3 सालों से कोविड 19 महामारी के कारण हज यात्रियों को हज पर जाना नसीब नहीं हुआ है अब अजमेर जिले से करीब 150 हज यात्रियों को इस मुकद्दस सफ़र में जाने का मौका मिला है। सभी हज पर जाने वाले यात्रियों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। हाजियों को हज पर जाने से पहले शिविर आयोजित किया गया इसमें हाजियों को प्रशिक्षण एवं टीकाकरण लगाया गया। आजमीन को दरगाह के महफिल खाने में टीकाकरण कर हेल्थ कार्ड वितरित किए गए। आजमीन को हज के दौरान उमराह करने तथा मिना अर्फ़ात की जानकारी से संबंधित पुस्तक का वितरण किया गया

विश्व प्रसिद्ध सूफ़ी संत हज़रत ख़्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती के गद्दीनशीन सैयद फ़ख़र काज़मी चिश्ती अपनी पत्नी (अहलिया) के साथ हज के सफ़र पर जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि अल्लाह ने अपने हबीब और ख़्वाजा ग़रीब नवाज़ के सदक़े तुफ़ैल में इस साल मुझे हज के लिए चुना, जिससे की हज कमेटी के कुर्रा में मेरा चयन हुआ।


## Name Change

I have changed my name from Lajwanti W/O Bharat Kumar Chandwani to LAJWANTI CHANDWANI W/O Bharat Kumar Chandwani.

**Address:** 3/27, Raj Laxmi, Saket Nagar, Housing Board, Beawar (Ajmer) Rajasthan.

## Name Change

I have changed my name from Priya D/O Bharat Kumar Chandwani to PRIYA CHANDWANI D/O Bharat Kumar Chandwani.

**Address:** 3/27, Raj Laxmi, Saket Nagar, Housing Board, Beawar (Ajmer) Rajasthan

## सार्वजनिक सूचना

(भारतीय दिवाला एवं शोधन अक्षमता बोर्ड की धारा 102 (1) और (2) के तहत, 2016)

**शिवरतन चांडक देनदार/व्यक्तिगत गारंटर के लेनदारों के ध्यानार्थ**

प्रासंगिक विवरण

| | | |
|---|---|---|
| 1. | देनदार/व्यक्तिगत गारंटर का नाम | शिवरतन चांडक पुत्र भोज राज चांडक |
| 2. | देनदार/व्यक्तिगत गारंटर का पता | 6, सुराना हाउस, न्यू हाउसिंग बोर्ड, शास्त्री नगर, भीलवाड़ा, राजस्थान– 311001 |
| 3. | कॉर्पोरेट देनदारों/व्यक्तिगत गारंटरों के संबंध में आदेश और दिवाला शुरू करने की तारीख का विवरण | सीपी (आईबी) नं. 71/95/जेपीआर/2021 और दिनांक 31.05.2022 (03.06.2022 को पोर्टल पर अपलोड किया गया) |
| 4. | दिवाला प्रोफेशनल के रूप में काम करने वाले समाधान प्रोफेशनल का नाम और पंजीकरण संख्या | रेशमा मित्तल पंजीकरण संख्या : IBBI/IPA-001/IP-P00297/2017-2018/10541 |
| 5. | समाधान प्रोफेशनल का पता और ई–मेल, जैसा कि बोर्ड में पंजीकृत है | आर–4/39, राज नगर, गाजियाबाद–201002 ईमेल: careshmamittal@gmail.com |
| 6. | समाधान प्रोफेशनल के साथ पत्राचार में उपयोग के लिए पता और ई–मेल | आर–4/39, राज नगर, गाजियाबाद–201002 ईमेल : ip.reshma@rrinsolvency.com |
| 7. | दावे जमा करने की अंतिम तिथि | 25/06/2022 |
| 8. | प्रासंगिक प्रपत्र जिनमें दावा दायर किया जाना है | "प्ररूप–बी" वेब लिंक: https://www.ibbi.gov.in/home/downloads |

एतद्वारा सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण, जयुपर पीठ, जयुपर ने **शिवरतन चांडक देनदार/** व्यक्तिगत गारंटर की दिवालिया समाधान प्रक्रिया 31.05.2022 को शुरू करने का आदेश दिया है।

**शिवरतन चांडक** के लेनदारों को इसके द्वारा 25.06.2022 पर या उससे पहले प्रमाण के साथ अपने दावे प्रविष्टि संख्या 6 में उल्लेखित पते पर समाधान प्रोफेशनल को प्रस्तुत करने के लिए कहा जाता है।

लेनदार इलेक्ट्रॉनिक साधनों से या व्यक्तिगत तरीके से प्रमाण के साथ, डाक द्वारा या इलेक्ट्रॉनिक साधनों से अपने दावे प्रस्तुत करेंगे।

**दावे के झूठे या भ्रामक प्रमाण प्रस्तुत करने पर जुर्माना किया जा सकता है।**

रेशमा मित्तल
समाधान प्रोफेशनल

दिनांक : 04.06.2022 पंजीकरण संख्या : IBBI/IPA-001/IP-P00297/2017-2018/10541
स्थान : गाजियाबाद पता : आर–4/39, राज नगर, गाजियाबाद–201002